राजस्थान चिकित्सा सेवा निगम

राजस्थान सरकार का उपक्रम

गांधी ब्लॉक, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर

फोन नः 0141–2228061–62 फैक्स नः 0141–2228065 ई–मेल : itcell-rmsc-rj@nic.in

क्रमांक : एफ. 7( )/आरएमएससी/आई.टी./2012/ 2636 दिनांक : 07-06-2013

समस्त अधीक्षक सम्बद्ध अस्पताल समस्त प्राचार्य एवं नियंत्रक, चिकित्सा महाविद्यालय एवं अधीक्षक, सम्बद्ध अस्पताल/प्रधानाचार्य, राजकीय चिकित्सालय एवं दंत महाविद्यालय/प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजस्थान (समस्त)। CMHO/MOIC-CHC.

विषय :– मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित BioMedical Equipment Maintenance (BMEM) System **को प्रारम्भ करने व प्रतिदिन की गई निःशुल्क जांचों की संख्या का इन्द्राज ई–औषधि सॉफ्टवेयर में किये जाने के लिये यूजरनेम/पासवर्ड जारी करने के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना दिनांक 07.04.2013 से प्रारम्भ हो गई है, इसका दूसरा चरण (Phase-II) 1 जुलाई से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रारम्भ होने जा रहा है। मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना के लिए ई–औषधि Software में ही एक नया BMEM सोफ्टवेयर तैयार किया गया है। इसके माध्यम से निम्न कार्य किये जाने हैः–

1. उपकरणों की उपलब्धता व कार्यशीलता की सूचना (Inventory Management & Functionality)
2. उपकरणों की सार–सम्भाल/देखभाल (Preventive Maintenance and Servicing)
3. उपकरणों के खराब होने पर उनकी मरम्मत (Repair of Equipment)
4. प्रतिदिन की गई जांचों की संख्या की सूचना (Daily Reporting of Tests in investigation Reporting format)

उपरोक्त कार्यो के लिऐ BMEM Software में तीन Module जोड़े गये हैं।

1. Inventory Management Module. (इन्वेटरी प्रबंधन मॉडयूल)
2. Equipment Maintenance Module. (उपकरण रखरखाव मॉडयूल)
3. Investigation Reporting Form. (जांच रिपोर्टिंग प्रपत्र)

इस हेतु समस्त मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, जिला हॉस्पिटल, उप–जिला व सेटेलाइट हॉस्पिटल व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अन्तर्गत उपलब्ध उपकरणों की सूचना ई–औषधि Software के BMEM Software में फीड की जानी है, साथ ही लेब्स में होने वाली रेडियोलॉजी व ई.सी.जी. सहित सभी निःशुल्क जांचों की संख्या का प्रतिदिन इन्द्राज भी ई–औषधि सॉफ्टवेयर में किया जाना है। इसके लिये सभी लेब्स के लिये पैथोलॉजी, आदि विभाग, एक्स–रे व यू.एस.जी. हेतु रेडियोलॉजी विभाग व ई.सी.जी. हेतु मेडिसन विभाग को यूजर नेम/पासवर्ड सम्बन्धित हॉस्पिटल के अधीक्षक/पीएमओ को इस पत्र के साथ भेजे जा रहे है। सम्बन्धित अधिकारी अपने यूजर नेम /पासवर्ड से ई–औषधि सॉफ्टवेयर में लॉगिन कर BMEM Software को Operate कर सकेगें व सभी निःशुल्क जांचों का इन्द्राज ई–औषधि सॉफ्टवेयर में उपलब्ध इनवेस्टींगेशन फॉर्म में प्रतिदिन कराया जाना सुनिश्चित करेगें। ई–औषधि सॉफ्टवेयर में उपकरणों के इन्द्राज व प्रतिदिन की जाने वाली जांचों का इन्द्राज किये जाने की प्रक्रिया सम्बन्धी दिशा निर्देश इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित है। इस सम्बन्ध में यदि कोई समस्या हो तो आर.एम.एस.सी. (निःशुल्क जांच योजना) आई.टी. सैल के दूरभाष नम्बर 0141–2224783 एवं बायोमेडिकल इंजीनियर श्री नरेन्द्र कुमार जांगीड़ से दूरभाष नम्बर 01412225885 पर भी सम्पर्क कर सकते है।

यूजरनेम/पासवर्ड निम्न को जारी किये जा रहे हैः–

मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में	पैथोलॉजी विभाग	माईक्रोबॉयोलॉजी विभाग	बायोकेमेस्ट्री विभाग	रेडियोलॉजी विभाग	कार्डियोलॉजी / मेडिसन विभाग
उप–जिला / जिला हॉस्पिटल एवं सेटेलाईट हॉस्पिटल में	पैथोलॉजी विभाग (लेबोरेट्री)			रेडियोलॉजी	मेडिसन
सी.एच.सी. में	लेब टेक्निशियन			रेडियोग्राफर	
पी.एच.सी. (प्रस्तावित)	लेब टेक्निशियन				

संलग्नः –

1. User Name and Password. (उपयोगकर्ता नाम व पासवर्ड)
2. Information for Inventory updation in Inventory Management Module. (इन्वेटरी प्रबंधन मॉडयूल में सूची अद्यतन करने के लिए सूचना)
3. Information for loging complaint for repair of equipments in equipment maintenance module. (उपकरणो के रख–रखाव में उपकरणो की मरम्मत के लिए शिकायत दर्ज करने के लिए सूचना)
4. Information for daily reporting of No. of tests in investigation reporting format. (जांच रिपोर्टिंग प्रारूप में परीक्षण की संख्या की दैनिक रिपोर्टिंग के लिऐ सूचना)

(डॉ. समित शर्मा) आई.ए.एस.
प्रबन्ध निदेशक आरएमएससी एवं
पदेन संयुक्त शासन सचिव,
चि0 एवं स्वा0 विभाग, राजस्थान

प्रतिलिपिः–

1. निजी सहायक, अध्यक्ष, आरएमएससी, जयपुर।
2. निजी सहायक, प्रबन्ध निदेशक, एनआरएचएम, जयपुर।
3. निजी सहायक प्रबन्ध निदेशक, आरएमएससी, जयपुर।
4. समस्त निदेशक / कार्यकारी अधिकारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राज0, जयपुर।
5. समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, राजस्थान।
6. समस्त कार्यकारी निदेशक, आरएमएससी, जयपुर।
7. समस्त प्रभारी अधिकारी, जिला औषधि भण्डार गृह।
8. रक्षित पत्रावली

(विक्रम सिंह सांखला)
ए.जी.एम. (आई.टी.)